# University in News on 02 June 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि के कार्तिक को 26 लाख के सालाना पैकेज पर मिली नौकरी



कैंपस प्लेसमेंट में चयनित कार्तिक गुप्ता को किया गया सम्मानित। -संवाद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के छात्र कार्तिक गुप्ता को 26 लाख रूपये के वार्षिक पैकेज पर बहुराष्ट्रीय कंपनी में नौकरी मिली है। विवि में अब तक किसी भी विद्यार्थी को मिलने वाला यह सर्वाधिक पैकेज है। इससे पहले विवि के ही दो विद्यार्थियों को 23 लाख रूपये का पैकेज मिला था।

**कैंपस प्लेसमेंट से जर्मन आईटी कंपनी में हुआ चयन**

नवीन परिसर के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कार्तिक ने जर्मनी बेस्ड एआई कंपैटिबल सर्च इंजन कंपनी क्वाड्रंट के असेसमेंट टेस्ट और टेक्निकल इंटरव्यू को पास करने के बाद यह नौकरी पाई है जो विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। इसके लिए कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व डीन प्रो. एके सिंह ने कार्तिक को शुभकामनाएं दीं। (संवाद)

***इंटर्नशिप में मिला था 1.25 लाख का मानदेय...*** *कार्तिक ने इससे पहले कंपनी में इंटर्नशिप भी की थी। इसमें उन्हें प्रतिमाह 1.25 लाख का भुगतान किया गया था। सफल इंटर्नशिप के बाद उनकी नौकरी को मंजूरी दे दी गई।*

## NBT PAGE 2

### LU के कार्तिक को 26 लाख रुपये का पैकेज

■ एनबीटी, लखनऊः एलयू में बीटेक ईसीई के स्टूडेंट कार्तिक गुप्ता को 26 लाख रुपये सालाना पैकेज का ऑफर मिला है। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कैंपस ड्राइव में जर्मनी की एआई कंपैटिबल सर्च इंजन कंपनी 'क्वाड्रंट' ने सॉफ्टवेयर डिवेलपर पद के लिए कार्तिक को चुना है। कार्तिक इस कंपनी में क्वाड्रंट में 1.25 लाख प्रति माह के स्टाइपेंड पर 6 महीने इंटर्नशिप भी कर चुके हैं। वीसी प्रो.आलोक राय ने बताया कि यह सत्र 2023-2024 का सर्वाधिक पैकेज का प्लेसमेंट है।

## HINDUSTAN PAGE 6

### एलयू: कार्तिक को 26 लाख का पैकेज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियिरंग संकाय में बीटेक ईसीई के छात्र कार्तिक गुप्ता का जर्मनी की आईटी कंपनी में 26 लाख सालाना पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने कार्तिक गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कुलपति ने कहा कि कार्तिक की इस उपलब्धि ने न केवल विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बना है।

### एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर के प्रैक्टिकल 19 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ. राम मिनल सिंह के मुताबिक एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर 19 व 20 जून को सुबह 10:30 बजे से विभाग में होंगे। सेक्शन ए के छात्रों के 19 को तथा सेक्शन बी के छात्रों के प्रैक्टिकल 20 जून को सुबह 10:30 बजे कॉमर्स विभाग में होगा। अधिक जानकारी के लिए छात्र-छात्राएं वेबसाइट देख सकते हैं।

### बीपीएड के छूटे प्रैक्टिकल 21 जून को होंगे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय तथा सहयुक्त महाविद्यालयों के शारीरिक शिक्षा विभाग बीए द्वितीय चतुर्थ, छटें सेमेस्टर के संस्थागत, बैक, एक्जेम्पेटेड तथा छूटे हुए छात्रों की प्रायोगिक परीक्षा 21 जून को विश्वविद्यालय के परांजपे मैदान पर होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि प्रैक्टिकल 21 जून को सुबह 6 बजे से शुरू होंगे।

## JAGRAN CITY PAGE III

### लवि : अब जुलाई में होगी प्रवेश परीक्षाएं

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाएं अब जुलाई में होंगी। विश्वविद्यालय ने पहले स्नातक की प्रवेश परीक्षाएं 15 से 25 जून और परास्नातक की एक से 10 जुलाई के बीच तिथियां प्रस्तावित की थीं, लेकिन सभी पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन की तिथि 30 जून तक बढ़ाए जाने की वजह से अब परीक्षाओं की नई तिथियों की समय सारिणी जल्द जारी होंगी।

**18 से एमकाम की प्रयोगात्मक परीक्षा** : लवि के वाणिज्य विभाग ने एम.काम दूसरे सेमेस्टर फारेंन लैंग्वेज फ्रेंच की प्रयोगात्मक परीक्षा की समय सारिणी जारी की है। ग्रुप ए की परीक्षा 18 जून व ग्रुप बी की परीक्षा 19 जून को सुबह 10.30 बजे से होगी।

### आइएमएस में मौखिक परीक्षाएं पांच से

जासं• लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित प्रबंधन विज्ञान संस्थान (आइएमएस) ने मौखिक परीक्षा की समय सारिणी शनिवार को जारी कर दी। ओएसडी प्रो. विनीता काचर ने बताया कि एम.बी.ए एचआर और एम.बी.ए एफसी चौथे सेमेस्टर के लिए मौखिक परीक्षा पांच जून को सुबह 10:30 बजे से होगी। एम.बी.ए आइबी और एम.बी.ए मार्केटिंग चौथे सेमेस्टर, एम.बी.ए ईएफबी चौथे सेमेस्टर, एम.बी.ए 10वें सेमेस्टर, बी.बी.ए, बी.बी.ए आइबी और बी.बी.ए एम.एस छठे सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा सात जून को सुबह 10:30 बजे से आइएमएस में होगी। सभी विद्यार्थियों को समय से पहुंचने के लिए कहा गया है।

### कार्तिक को 26 लाख का पैकेज

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग के छात्र एवं मूल रूप से झांसी बबीना के रहने वाले कार्तिक गुप्ता का 26 लाख रुपये प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है। विभिन्न टेस्ट व साक्षात्कार के बाद कार्तिक का चयन जर्मन बेस्ड आइटी कंपनी क्वाड्रंट में साफ्टवेयर डेवलपर के पद पर हुआ। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने छात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डा. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि बी.टेक इलेक्ट्रानिक्स कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग (ईसीई) अंतिम वर्ष के छात्र कार्तिक ने जर्मनी बेस्ड एआइ कंपैटिबल सर्च इंजन कंपनी क्वाड्रंट की ओर से आयोजित असेसमेंट टेस्ट और टेक्निकल इंटरव्यू को उत्तीर्ण किया। इससे पहले क्वाड्रंट



लवि के इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने कार्तिक को बधाई दी • लवि

कंपनी में छह महीने की साफ्टवेयर डेवलपर इंटर्न के पद पर पर इंटर्नशिप भी की, जिसमें कंपनी ने उन्हें 1.25 लाख प्रति माह का पैकेज दिया गया था। गौरतलब है कि लवि में यह सत्र 2023-24 का सर्वाधिक पैकेज का प्लेसमेंट है। सत्र 2022-23 में मोनिका यादव एवं अंकित कुमार का ओएनजीसी में सर्वाधिक पैकेज 23.61 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ था।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### छात्र कार्तिक को मिला 26 लाख का प्रतिवर्ष पैकेज

**अमृत विचार, लखनऊ** : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय के बीटेक ईसीई के छात्र कार्तिक गुप्ता का जर्मन में स्थापित आईटी कंपनी में 26 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने कार्तिक गुप्ता को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि कार्तिक की इस उपलब्धि ने न केवल विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बना है। यह सफलता दर्शाती है कि कठिन परिश्रम और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

### लविवि के इंजीनियरिंग छात्र कार्तिक का हुआ प्लेसमेंट

● जर्मनी की कम्पनी ने 26 लाख रुपये प्रति वर्ष के पैकेज पर किया प्लेसमेंट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय के बीटेक ईसीई के छात्र कार्तिक गुप्ता का जर्मन बेस्ड आईटी कंपनी क्वाड्रंट में 26 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने कार्तिक गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि कार्तिक की इस उपलब्धि ने न केवल विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बना है। यह सफलता दर्शाती है कि कठिन परिश्रम और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।



अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें और अपने कौशल को निरंतर विकसित करते रहें। संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने कहा कि कार्तिक की इस उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि यदि हम अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहते हैं, तो ऊंचाइयों को छूना संभव है।

प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कार्तिक ने जर्मनी बेस्ड एआई कंपैटिबल सर्च इंजन कंपनी क्वाड्रंट द्वारा आयोजित असेसमेंट टेस्ट और टेक्निकल इंटरव्यू को उत्तीर्ण किया और सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर 26 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयनित हुए। कार्तिक ने इससे पहले क्वाड्रंट कंपनी मे छः महीने की सॉफ्टवेयर डेवलपर इंटर्न के पद पर पर इंटर्नशिप भी की, जिसमे कंपनी द्वारा उन्हें 1.25 लाख प्रति माह का पैकेज दिया गया था। यह सत्र 2023-2024 का सर्वाधिक पैकेज का प्लेसमेंट रहा है। इससे पहले सत्र 2022-2023 का अधिकतम पैकेज 23.61 लाख रुपये प्रतिवर्ष रहा था। बता दें कि 2022-23 में मोनिका यादव एवं अंकित कुमार का ओएनजीसी में सर्वाधिक पैकेज 23.61 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ था।

## LOKSATYA PAGE 2

### एलयू के छात्र कार्तिक का 26 लाख पैकेज पर हुआ प्लेसमेंट

लखनऊ, लोकसत्य। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी संकाय के बी.टेक ईसीई के छात्र कार्तिक गुप्ता का जर्मन बेस्ड आई टी कंपनी क्वाड्रंट में 26 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर प्लेसमेंट हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर ए.के. सिंह ने कार्तिक गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि, रकार्तिक की इस उपलब्धि ने न केवल विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी एक प्रेरणा का स्रोत बना है। यह सफलता दर्शाती है कि कठिन परिश्रम और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें और अपने कौशल को निरंतर विकसित करते रहें। संकाय के डीन प्रोफेसर ए.के. सिंह ने कहा कि कार्तिक की इस उपलब्धि से यह स्पष्ट होता है कि यदि हम अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहते हैं, तो ऊंचाइयों को छूना संभव है। प्लेसमेंट सेल इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कार्तिक ने जर्मनी बेस्ड एआई कंपैटिबल सर्च इंजन कंपनी क्वाड्रंट द्वारा आयोजित असेसमेंट टेस्ट और टेक्निकल इंटरव्यू को उत्तीर्ण किया और सॉफ्टवेयर डेवलपर के पद पर 26 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयनित हुए। कार्तिक ने इससे पहले क्वाड्रंट कंपनी मे छः महीने की सॉफ्टवेयर डेवलपर इंटर्न के पद पर पर इंटर्नशिप भी की, जिसमे कंपनी द्वारा उन्हें 1.25 लाख प्रति माह का पैकेज दिया गया था।

## TOI PAGE 4

### 3 LU students bag over ₹20L job offers

**Lucknow:** Three Lucknow University students got an annual package of over Rs 20 lakh through campus placement on Saturday. BTech student Kartik Gupta has got a job in a Germany-based IT company on a package of Rs 26 lakh per annum.

MSc geology students Monika Yadav and Ankit Kumar have cleared ONGC's recruitment process and have been offered an annual package of Rs 23.61 lakh. LU vice chancellor Prof Alok Kumar Rai said, "This achievement of our students not only brought laurels to the university but has also become a source of inspiration for other students. This success shows that any goal can be achieved with hard work and dedication. Have faith in your abilities and keep developing your skills continuously." TNN